हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

01 अगस्त 2026, समय 18:10

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, उड़ान योजना ने आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाया - योजना के दूसरे चरण मे 29 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में 150 राजकीय विद्यालयों के नए भवन बनाए जाएंगे।

3 .राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने प्रत्येक नागरिक से अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

4. डाक विभाग, अंबाला मण्डल के डाक घरों मे महाशिवरात्रि पर पूजा के लिए गंगाजल उपलब्ध करवाएगा।

5. ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलो के जैवलिन थ्रो फाइनल मे रजत पदक हासिल किया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नीरज चोपड़ा को बधाई दी।

---------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में विमानन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। देश में परिचालित हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से बढ़कर 166 हो गई है। प्रधानमंत्री आज आंध्र प्रदेश के भोगपुरम में अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने और उड़ान योजना ने आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बना दिया है।

*एक समय था जब हवाई उड़ाने सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित थी एनडीए सरकार में आज छोटे शहर के साधारण लोग भी फ्लाइट से आ जा रहे हैं। 12 इयर्स में सिर्फ एयरपोर्ट की संख्या ही नहीं बड़ी है हमारी उड़ान योजना के कारण आज गरीब परिवार के लोगों को भी जहाज में बैठने का अवसर मिल रहा है इस योजना ने गरीब से गरीब को अपना सपना पूरा करने में मदद की। कुछ दिन पहले ही सरकार ने उड़ान योजना के दूसरे फेज की शुरुआत की है। इस पर भी 29 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे*

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में 150  राजकीय विद्यालयों के नए भवन बनाए जाएंगे, जो पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों के डिजाइन एवं निर्माण के लिए देश के अग्रणी राज्यों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों के श्रेष्ठ मॉडल और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का सहयोग लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जाएगा, उनमें उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर, डिजिटल एवं स्मार्ट क्लासरूम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण सुविधाएं, व्यावसायिक शिक्षा, अत्याधुनिक विज्ञान-कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प ले तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे।

श्री सुभाष बराला आज टोहाना में अपने पैतृक गांव डांगरा स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। यह अभियान केवल वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम भी है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

डाक विभाग इस बार भी महाशिवरात्रि पर पूजा के लिए अपने मुख्य  डाकघरों में गंगाजल उपलब्ध करवाएगा।

अंबाला  मण्डल के प्रवर अधीक्षक विजय कुमार ने बताया कि गंगाजल के लिए विभाग ने विशेष प्रबंध किया है।

उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के दिन शिव भक्तों के लिए अंबाला , पंचकूला , यमुनानगर के मुख्य मंदिरों के बाहर गंगाजल के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

---

हरियाणा के पानीपत निवासी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष जैवलिन थ्रो फाइनल 85 मीटर 83 सेन्टीमीटर थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया। जबकि स्वर्ण पदक श्रीलंका के रुमेश पथिरागे की झोली में गया और भारत के यशवीर सिंह ने 85 मीटर 41 सेंटीमीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरुआती चरण में ही बाहर हो गए।

पानीपत में नीरज चोपड़ा के गाँव खंडरा में फाइनल मैच देखने के बाद उनके चाचा भीम चोपड़ा ने कहा कि हमें पूरा भरोसा था कि नीरज फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस उपलब्धि पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज ने एक बार फिर अपने खेल से पूरे विश्व में हरियाणा का नाम रोशन किया है।

---

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने जैव्लिन थ्रो में पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा और यशवीर सिंह को पदक जीतने पर बधाई दी है।

आज अंबाला से दिल्ली जाने से पहले अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि हरियाणा के खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

---

राष्ट्रमंडल खेलों में भिवानी की मुक्केबाज प्रीति पंवार ने महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। वहीं भिवानी की ही जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश को दूसरी बार स्वर्ण पदक दिलाया है। दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत अम्बाला द्वारा आज शहर के एस.ए. जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने आह्वान किया कि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करें।

---

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार पंचकूला जिले में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान तथा 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' गरिमापूर्ण एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा।

पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में तिरंगा बाइक रैली, साइकिल रैली, तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके अलावा तिरंगा एवं वंदे मातरम् विषयक प्रदर्शनियां सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा रोशनी एवं सजावट, विशाल तिरंगा रंगोली तथा विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रमुख स्थानों पर 'सेल्फी विद तिरंगा' प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिक राष्ट्रध्वज के साथ फोटो लेकर अभियान से जुड़ सकेंगे।

---